# प्रारुप–11

**परियोजना विवरण :–** **जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकास खण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत खोला धारपयांकोटी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु से स्यालसौड़ पनयाली होते हुये बणतोलीखाल नैलचामी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य (लम्बाई 6.00 कि0मी0)।**

जनपद जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत **खोला धारपयांकोटी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु से स्यालसौड़ पनयाली होते हुये बणतोलीखाल नैलचामी तक मोटर मार्ग** निर्माण हेतु **6.00** कि0मी0 लम्बाई हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति संयुक्त सचिव उत्तराखण्ड शासन के पत्र सं0 382/III(2)/17–10(एम0एल0ए0)/2017 दिनांक 01.08.2017 द्वारा रू0 26.94 लाख प्रथम चरण की प्राप्त हुई है।

उक्त मार्ग के नव निर्माण हेतु समरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी द्वारा उनके पत्रांक 1140/910याता0–8/2017 दिनांक 16.03.2018 से स्वीकृत है तथा संरेखण की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या सहायक भू–वैज्ञानिक तुशार शर्मा कार्यालय मुख्य अभियन्ता लो0नि0वि0 पौड़ी दिनांक 02.01.2018 से प्राप्त है। उपरोक्त मार्ग के स्थल का संयुक्त निरीक्षण लो0नि0वि0 एवं वन विभाग मणिकनाथ रेंज ड़ांगचौरा भिल्लंगना रेंज घनसाली एवं सम्बन्धित राजस्व उपनिरीक्षक इस खण्ड़ के अपर सहायक अभियन्ता व अन्य दावेदारों की ओर से प्रधान के साथ दिनांक **16.07.2018 एवं 30.07.2018** में किये जाने के उपरान्त ही वन भूमि प्रस्ताव गठित किया गया है। वर्तमान में ग्राम धारपयांकोटी, धारकोट गांव को भिल्लंगना होते हुये घनसाली एवं जिला मुख्यालय टिहरी जाने हेतु अत्यधिक दूरी तय करनी पड़ती है।हेतु कोई अन्य वैकल्पिक मोटर मार्ग नहीं है एवं लोगों को पैदल ही आवाजाही करनी पड़ती है। जिस वजह से लोगों की आवाजाही में समय अधिक लगता है, एवं अतिआवश्यक सेवाओं का लाभ उठाने में ग्राम वासियों को समय के साथ आर्थिक हानि भी होती है। साथ ही ग्रामवासियों के लोकल प्रोड़क्ट मार्केट में नहीं आ पाते है, और काश्तकारों को उनकी फसल का मोटर मार्ग उपलब्ध न होने के कारण लाभ नहीं मिल पाता है। इस मोटर मार्ग के बनने धारी एवं ढुंण्ड़सीर खेत्र का समपर्क भिल्लंगना हेतु घनसाली से हो जायेगा। जहां लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा वहीं राष्ट्र की सम्पन्नता में भी वृद्धि होगी। इसलिये उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

अतः उक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रभावित होने वाली आरक्षित वन भूमि वन भूमि 3.7746 हे0 सिविल भूमि 0.1991 हे0, नाप भूमि 0.7150 हे0, अर्थात कुल 3.9737 हे0 वन भूमि हेतु हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

प्रतिहस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी

प्रतिहस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
भूमि संरक्षण वन प्रभाग
मुनि की रेती
टिहरी

सहायक अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

प्रभारी–डागी
तहसील–घनसाली
टिहरी गढ़वाल

अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0 कीर्तिनगर।

वन क्षेत्राधिकारी
मणिकनाथ रेंज
डांगचौरा

तहसीलदार
घनसाली
टिहरी गढ़वाल

वन क्षेत्राधिकारी
भिलंगना रेंज घनसाली

उप प्रभागीय वनाधिकारी